भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3150**
दिनांक 13.12.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

**पासपोर्ट सेवा केंद्र का स्तरोन्नयन**

3150. **श्री गोपाल जी ठाकुरः**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दरभंगा का पासपोर्ट सेवा केंद्र पटना पासपोर्ट कार्यालय की विस्तारित शाखा के रूप में किराए के भवन में कार्य कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का दरभंगा शहर के महत्व को देखते हुए इस पासपोर्ट सेवा केंद्र को किसी निजी भवन में स्थानांतरित करने तथा इसे पूर्ण पासपोर्ट कार्यालय के रूप में स्तरोन्नत करने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)**

(क) से (ग) क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना के अधिकार क्षेत्र में दो (02) पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) - पटना और दरभंगा में एक-एक; तथा पैंतीस (35) डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) कार्यशील हैं।

पीएसके दरभंगा वर्तमान में एक किराए के भवन में कार्यशील है। मेसर्स टीसीएस को यह कार्य सौंपा गया है कि पीएसके, दरभंगा को उन्नत सुविधाओं के साथ नए स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।

*****